## समाचार

# 05 अप्रैल को 08 स्थानों में लगेंगे मोबाईल मेडिकल यूनिट शिविर

कोरबा 04 अप्रैल 2022 – छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना अंतर्गत नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत संचालित 08 मोबाईल मेडिकल यूनिट मंगलवार 05 अप्रैल को विभिन्न 08 वार्डो में पहुंचकर निर्धारित स्थलों पर कैम्प करेंगी तथा नागरिकों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं उनकी बीमारियों का मुफ्त इलाज व दवाओं का वितरण करेगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 05 अप्रैल मंगलवार को वार्ड क्र. 04 देवांगनपारा दुर्गा पण्डाल इंदिरा नगर, वार्ड क्र. 13 परिवहन 15 ब्लाक सामुदायिक मंच कुश्ती मैदान के पास, वार्ड क्र. 25 कुआंभट्ठा विश्वकर्मा मंदिर के पीछे मंच के पास, वार्ड क्र. 37 भदरापारा अंबेडकर चौक हेमलता मितानिन के घर के पास, वार्ड क्र. 40 नेहरू पार्षद घर के पास स्टेज, वार्ड क्र. 52 नीलगिरी फर्टीलाईजर दर्री थाना के पीछे सामुदायिक भवन, वार्ड क्र. 60 धरमपुर सामुदायिक भवन, वार्ड क्र. 67 गजरा बनवारी साईड मोहल्ला के पास कैम्प लगाए जाएंगे।